# अर्थव्यवस्था में सुधार, लक्ष्य के सापेक्ष 72% हुई वसूली

## वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने साझा की राजस्व प्राप्तियों की तुलनात्मक रिपोर्ट

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार की स्थिति है। जून-2020 की अपेक्षा जून-2021 में मुख्य कर-करेत्तर मदों में 2129.28 करोड़ रुपये अधिक राजस्व की वृद्धि हुई है। खास बात ये है कि जीएसटी सहित सभी प्रमुख कर मदों मे वृद्धि दर्ज की गई है।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को जून-2020 से जून-2021 की राजस्व प्राप्तियों की तुलनात्मक रिपोर्ट साझा की। उन्होंने बताया कि जून 2020 में 14307.70 करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य था। इसके सापेक्ष 9034.83 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। यह लक्ष्य का 63.17 प्रतिशत था। जबकि जून-2021 के लिए यह लक्ष्य 15577.85 करोड़ था और इसके सापेक्ष 11,164.11 करोड़ की प्राप्ति हुई। यह लक्ष्य का 71.7 प्रतिशत है। इस तरह बीते वर्ष की जून की तुलना में 2129.28 करोड़ रुपये अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई। वित्त मंत्री ने बताया कि इस महीने कर राजस्व के सभी प्रमुख मदों- जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टांप-निबंधन व परिवहन की प्राप्ति गत वर्ष की जून की अपेक्षा अधिक रही है। करेतर राजस्व में भूतत्व एवं खनिकर्म की प्राप्तियों में जरूर कमी आई है।

### पहली तिमाही की प्राप्तियों में भी वृद्धि



वित्त मंत्री ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टांप तथा निबंधन, परिवहन, भू-राजस्व व अन्य मदों में अप्रैल से जून-2020 तक 15,678.50 करोड़ रुपये प्राप्ति थी। अप्रैल से जून-2021 की तिमाही में 30,156.58 करोड़ की प्राप्ति हुई है। यह गत वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही की अपेक्षा 92.3 प्रतिशत ज्यादा है। भू-राजस्व छोड़ सभी मदों में वृद्धि हुई है। इसी तरह करेत्तर राजस्व में गत वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही की अपेक्षा 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अप्रैल से जून-2020 तक 1696 करोड़ की प्राप्ति हुई थी जबकि अप्रैल से जून-2021 के तक की प्राप्ति 1953.43 करोड़ रही।

### पिछले जून की अपेक्षा 2129 करोड़ ज्यादा कमाई

| मद | जून-2020 | जून-2021 |
|---|---|---|
| जीएसटी | 2938.91 | 3481.73 |
| वैट | 1522.20 | 2033.44 |
| आबकारी | 2754.93 | 2988.96 |
| स्टांप-निबंधन | 1048.59 | 1825.40 |
| परिवहन | 433.13 | 591.10 |
| भूतत्व एवं खनिकर्म | 337.07 | 243.48 |
| कुल | 9034.83 | 11164.11 |

नोट : आंकड़े करोड़ रुपये में है।